## खबर संक्षेप

### समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज सतना।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित कर दिये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थितियों में यथा स्वयं अथवा स्वंय के परिवार में विवाह,प्रसूति एवं संतान पालन,गंभीर बीमारी, दुर्घटना,स्वयं के परिवार में घटित अप्रत्याशित घटना आदि के संबंध में जिला स्तर पर कलेक्टर से अवकाश के संबंध में स्वीकृत/ अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सतना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र स्थापित किया है। सतना जिले में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान प्रतिक्रिया, कमांड,कंट्रोल तथा समन्वय की कार्यवाहियों के लिए स्मार्ट सिटी सतना के अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को आपातकालीन संचालन केन्द्र बनाया गया है। जिसमें ईओसी का दूरभाष नम्बर 07672-231433 होगा।

# प्रधान आरक्षक को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई







### छोटे भाई ने दी मुखाग्नि, पूरे इलाके में गमगीन माहौल

**हरिभूमि न्यूज सतना।** ड्यूटी के दौरान गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए जैतवारा थाने के प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग ने 11 दिन तक मौत से संघर्ष के बाद शुक्रवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। शनिवार सुबह उनका पार्थिव शरीर 6 बजे सतना स्थित उनके महदेवा इलाके में स्थित निवास पर लाया गया,जहां गमगीन माहौल में पूरा परिवार और जिला प्रशासन के साथ पुलिस महकमा मौजूद रहा। महादेवा मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान प्रिंस गर्ग को उनके छोटे भाई कपिल गर्ग ने मुखाग्नि दी।





### 28 अप्रैल की रात बैरेक में मारी थी गोली

गौरतलब है कि 28 अप्रैल की रात थाना परिसर के बैरक में बदमाश अच्छू शर्मा ने प्रिंस गर्ग को गोली मारी थी। गोली सीने में कॉलर बोन के नीचे से आर-पार हो गई थी। गंभीर हालत में सतना और फिर रीवा रेफर किए गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली एयरलिफ्ट किया गया वे 11 दिनों तक मौत से जूझने के बाद शुक्रवार सुबह 8 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पूरा पुलिस मोहकमा शोक में है। हम सब दिवंगत प्रिंस के परिवार के साथ है। पत्नी को अनुकंपा नियुक्त दी जाएगी। शहीद के दर्जे के साथ 1 करोड़ रुपए राज्य सरकार देगी।

### नम हो गईं सभी की आंखें

इस दृश्य को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। अंतिम यात्रा में कलेक्टर,एसपी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,नगर पुलिस अधीक्षक,विभिन्न थानों के प्रभारी और सैकड़ों पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस ने सलामी दी और साथी जवानों ने कंधा देकर अपने वीर सिपाही को विदा किया। उनकी शहादत ने बुजुर्ग माता-पिता अवध बिहारी गर्ग और मालती देवी की दुनिया ही उजाड़ दी। प्रिंस गर्ग एक 8 साल के बेटे और 6 साल की बेटी के पिता थे,जिन्होंने अभी ठीक से दुनिया देखी भी नहीं थी। वह अब बिना पिता के साये के बड़े होंगे। मासूम बच्चों को कुछ समझ नहीं लेकिन घर में पसरा सन्नाटा और रोते चेहरे उनके मासूम मन पर हमेशा के लिए एक जख्म छोड़ गया है। छोटे बच्चों की नाम आंखों का यह मंजर हर किसी का दिल तोड़ने वाला था।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की कलेक्टर ने की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिला पंचायत सतना के सभागार में बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत,जनपद के सीईओ,सहायक यंत्री,उपयंत्री और जिला पंचायत का मनरेगा स्टाफ उपस्थित रहा। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के समस्त सीईओ, सहायक यंत्री,उपयंत्री से जनपद वार उपयंत्री वार,खेत,तालाब,डग वेल,फॉर्मपांड के कार्यों हेतु उपयंत्री वार लक्ष्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य वार कार्यों के जारी टी एस और जारी टीएस अनुसार एएस की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें रामपुर बघेलान, सोहावल, उचेहरा, नागौद के स्वीकृत कार्य में शुरू होने की अपेक्षित प्रगति कम पाये जाने पर संबंधित सहायक यंत्री,उपयंत्री के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री एवं जनपद पंचायतों के समस्त उपयंत्रियो का एक सप्ताह के वेतन कटौती करने का निर्देश ईई आरईएस को दिए। उन्होंने कहा कि अगले शनिवार को पुनः समीक्षा की जायेगी और प्रगति नहीं पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने जनपद सीईओ से जल गंगा संवर्धन कार्यों की कमजोर प्रगति जाननी चाही। नागौद सीईओ द्वारा बताया गया कि जनपद क्षेत्र में काम देरी से चालू हुआ और नहर का कार्य चल रहा है। कलेक्टर ने अगले शनिवार तक जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति आनी चाहिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के लगभग 40 दिनों में 5 उपयंत्रियों द्वारा बहुत ही कम काम किये जाने पर इनके एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इनमें रामनगर के उपयंत्री अतुल सिंह,मैहर के राघवेंद्र मिश्रा,रामपुर बघेलान के उपयंत्री अन्नपूर्णा सिंह,सोहावल के उपयंत्री आशुतोष वर्मा,व्ही.के मिश्रा के नाम शामिल है।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी



हरिभूमि न्यूज सतना। श्री राजपूत करणी सेना सतना के तत्वावधान में शुक्रवार को वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जयंती समारोह का शुभारंभ सिविल लाइन सतना चौपाटी से भव्य शोभा यात्रा हजारो जनसमुदाय के साथ ढोल,डीजे के साथ निकाली गई जो हवाई पट्टी स्थित महाराणा प्रताप जी के प्रतिमा के पास पहुँचकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया।

## नेशनल लोक अदालत शिविर में 1279 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**हरिभूमि न्यूज सतना।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 10 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ए.डी.आर.सेंटर), सतना में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रत्नेशचन्द्र सिंह बिसेन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने उदबोधन में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों,अधिवक्ताओं,पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण परस्पर सहमति से कराने पर समय एवं धन की बर्बादी रोकी जा सकती है। उन्होंने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का आहवान किया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयो में लंबित कुल 997 एवं प्रिलिटिगेशन के 282 प्रकरणों सहित कुल 1279 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। इस अवसर पर जिला प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र सहित न्यायाधीशगण,अधिवक्तागण तथा अधिकारी उपस्थित रहे।





## शहर के और निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़े

### 11.50 लाख कार्डधारकों को मिलेगी सुविधा,मेयर ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा था पत्र

**हरिभूमि न्यूज सतना।** सतना में आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ गया है। शहर के तीन और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है। इनमें पन्ना रोड स्थित सार्थक किडनी क्रिटिकल केयर,रीवा रोड स्थित दिवित हार्ट केयर मल्टी स्पेशलिटी और चाणक्यपुरी कालोनी स्थित पाठक हॉस्पिटल शामिल हैं। मेयर योगेश ताम्रकार ने 15 दिन पहले प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला को इस संबंध में पत्र लिखा था। उन्होंने सतना मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में भी इस मुद्दे को उठाया था।

### 11.50 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बने

इससे पहले केवल सिटी हॉस्पिटल और चित्रकूट का सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड ही इस योजना से जुड़े थे। सतना और मैहर जिले में करीब 11.50 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। पहले हार्ट और किडनी जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को जबलपुर या नागपुर जाना पड़ता था। अब वे स्थानीय स्तर पर ही इलाज करा सकेंगे।

### सालाना 5 लाख रुपए तक का केशलैस इलाज

आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति परिवार सालाना 5 लाख रुपए तक का केशलैस इलाज मिलता है। इसके लिए सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के डेटाबेस में पंजीकृत होना जरूरी है। योजना में सर्जरी,मातृत्व देखभाल और पुरानी बीमारियों का इलाज शामिल है। 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आय की सीमा के बिना स्वास्थ्य कवरेज दिया जाता है।

## आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी निर्देशों के अनुक्रम में सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी निर्देशों में कहा गया है कि समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां,उपकरण उपलब्ध रहें।डाक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। इसके साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों व स्कूलों के मध्य टेम्प्रेररी रहने की व्यवस्था की जा सकती है।वहां जनरेटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएं। सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखे तथा देश के विरूद्ध भड़काउ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करें,जिससे कि प्रदेश में माहौल खराब न हो।इस हेतु भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन सुनिश्चित करें कि आपात स्थिति में जिलों में पर्याप्त खादय सामग्री,पेट्रोल-डीजल,घरेलू गैस इत्यादि उपलब्ध रहें। लोग खादय सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का अनावश्यक भण्डारण नहीं करें। लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहे। जिलों के अति संवेदन शील स्थलों की सूची को अद्यतन करें। जिसमें अस्पताल,पावर प्लांट,तेल एवं गैस के डिपो,धार्मिक स्थल,भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन कर रखी जाए। जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जावे जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनी रहे। अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखा जाए। इस हेतु उपकरणों की जांच इत्यादि कर ली जाए। संचार सेवाओं को सुचारू बनाया जाए। इस हेतु दूरसंचार कंपनियों के साथ समन्वय करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में रखा जाए। आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल एवं चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस हेतु स्थानीय प्रशासन,जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आवश्यक समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों,राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जावे ताकि राहत एवं बचाव कार्य में प्रभावी सहयोग मिल सकें। उद्योगों में उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखा जाए। उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग सडकें,पुलों की देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें। उर्जा विभाग विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



**खबर संक्षेप**

## सलेहा में शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने सड़क पर बैठ कर जताया विरोध





### डॉ. राजेश वर्मा विधायक के आश्वासन पर बंद हुआ विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज।** पन्ना जिला पवित्र और पर्यटन जिला है जहां पर ऐतिहासिक मंदिर पन्ना टाइगर रिजर्व है पन्ना नगरी पवित्र नगरी घोषित हो चुकी है और शहर में शराब की दुकान ना हो उसके लिए सरकार के द्वारा एक बड़ा फैसला लिया गया की शहर के अंदर शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी शहर के बाहर शराब की दुकान रहेगी ताकि आमजन को नुकसान ना हो और परेशानियों का सामना न करना पड़े इसको लेकर जिले में शराब की दुकान शहर से बाहर खोल दी गई लेकिन कुछ जगहों पर शराब की दुकान खोले जाने पर विवाद की स्थितियां बन गई है कुछ दिन पहले पहाड़ीखेड़ा लाइन में भी रोड पर शराब की दुकान होने से लोगों ने विरोध किया और ज्ञापन दिए क्योंकि मुख्य मार्ग में शराब की दुकान होने से आए दिन दुर्घटना होने की संभावना रहती है इसको लेकर लोगों ने विरोध किया क्योंकि रोड पर सड़क की दुकान होने से दुर्घटनाएं होगी जिले में शराब की दुकान को लेकर और भी जगह विरोध किया गया क्योंकि जो शराब की दुकान खोली गई है वह सही जगह पर नहीं है सलेहा में भी इसका असर देखने को मिला क्योंकि बीच बस्ती में शराब की दुकान होने से लोगों को परेशानी हो रही है बीच बस्ती में शराब की दुकान होने से सलेहा मै महिलाओं ने विरोध किया और रोड पर बैठ गई दो दिन से शराब दुकान बंद है और महिलाओं का कहना है कि यह दुकान बीच बस्ती में नहीं होनी चाहिए इस नगर से बाहर खोला जाए ताकि बहू बेटियों को परेशानी ना हो आज गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा सलेहा पहुंचे और उन्होंने महिलाओं से मौके पर पहुंचकर वहां की महिलाओं से बातचीत की महिलाओं का कहना है कि बीच बस्ती में शराब की दुकान नहीं होनी चाहिए हम लोगों को परेशानी होती है इस शहर से बाहर खोला जाए ताकि बहू बेटियां सुरक्षित रह सके और किसी को परेशानी ना हो विधायक डॉ राजेश वर्मा ने मौके पर कलेक्टर पन्ना से बात की और महिलाओं को आश्वासन दिया कि आप लोग चिंता मत करो शराब की दुकान बस्ती से बाहर ही खोली जाएगी।

## माँ कलेही धाम में सुविधाएं सुधारने की शुरुआत, बंद फ्रिजरों की मरम्मत और इन्वर्टर दुरुस्तीकरण शुरू



**हरिभूमि न्यूज पवई।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध माँ कलेही धाम में श्रद्धालुओं को हो रही मूलभूत सुविधाओं की समस्या को लेकर प्रकाशित समाचार का असर साफ दिखाई देने लगा है। मीडिया द्वारा आवाज उठाने के बाद मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुधारने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मंदिर परिसर में वर्षों से बंद पड़े तीन फ्रिजरों में से एक को मरम्मत के बाद चालू कर दिया गया है। जबकि शेष दो फ्रिजर अभी भी खराब हैं उनमे पानी तो पहुँचता है पर ठंडा नहीं होता है, जिन्हें प्रशासन जल्द बाहर से तकनीकी मिस्त्री बुलवाकर ठीक कराने की बात कह रहा है। इसके अलावा, मंदिर परिसर में स्थित पानी की टंकी से जल आपूर्ति करने वाली मोटर भी खराब पाई गई थी, जिसके कारण श्रद्धालुओं को परिसर में पानी नहीं मिल पा रहा था। अब मोटर की मरम्मत की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है ताकि जल्द ही पूरे परिसर में सुचारु जल आपूर्ति बहाल की जा सके। इन्वर्टर जो पिछले सप्ताह से खराब पड़ा था, उसे भी बदल कर नया सेट और बैटरियाँ मंगवाई जा चुकी है, अब बिजली गुल होने की स्थिति में रोशनी और सीसीटीवी निगरानी बाधित नहीं होगी। मुख्य पुजारी डॉ. हरिकेश बढ़ोलिया ने बताया, ष्श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित पटवारियों की समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के दिए निर्देश

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करें

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।**



कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर समस्त लंबित राजस्व प्रकरणों के तत्परतापूर्वक निराकरण सहित आमजनों की समस्याओं के समय पर प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही भू-अभिलेख के डिजिटाइजेशन के लिए पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के शेष हितग्राहियों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस महत्वाकांक्षी कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री में ग्रामवार रिव्यू कर प्रगति लाने तथा आगामी 30 जून तक अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने सहित तकनीकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना में भी जिले की प्रगति कम है। इसमें सुधार के लिए जरूरी कार्यवाही सहित समयावधि में दस्तावेज के अंतिम प्रकाशन तथा कुछ ग्रामों के लंबित नक्शा की कार्यवाही भी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह समस्त राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक आवक पत्रों का समय पर अवलोकन कर काम में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित कर आगामी 15 जून तक पीएम किसान हितग्राही के बैंक खाता लिकिंग व ई केवायसी कार्यवाही भी पूर्ण कराने के लिए कहा। इसके अलावा डायवर्जन के माध्यम से वसूली पर ध्यान केन्द्रित करने तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि के व्यवसायिक उपयोग पर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा विभिन्न मजरा-टोला के नवीन राजस्व ग्राम घोषित होने पर नक्शा तथा नियम व निर्देशों के मुताबिक भू अभिलेख तैयार करने के लिए कहा। बैठक में चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित रूप से निराकरण, साइबर तहसील में समय पर पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत करने व नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों में भी गंभीरतापूर्वक दायित्व निर्वाहन के निर्देश दिए। समस्त राजस्व अधिकारियों को नियम निर्देशों से निरंतर अद्यतन रहने तथा प्राथमिकता के साथ 6 माह से अधिक पुराने प्रकरणों में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि नियमित अंतराल में पटवारियों की फिजिकल बैठक करने के साथ ही सिमरिया, रैपुरा एवं शाहनगर तहसील में अनिवार्य रूप से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में एक सप्ताह में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं बुधवार, 14 मई को रैपुरा तहसील में लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इसके पूर्व संबंधित तहसीलदार को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त पटवारियों को नियमित रूप से मुख्यालय पर उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं के निराकरण तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के मुताबिक लघु एवं दीर्घ शास्ति से दंडित करने का निर्णय लें। कलेक्टर ने भू अर्जन के शेष लंबित प्रकरणों के तत्काल शत-प्रतिशत निराकरण के सख्त निर्देश भी दिए। साथ ही शासन संधारित मंदिरों की भूमि पर अवैध फसल अथवा अतिक्रमण पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कहा कि 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले मंदिरों की भूमि की नीलामी कर खाते में राशि जमा कराना भी सुनिश्चित किया जाए। पूर्व में गठित विभिन्न समितियों के खाता खुलवाने और आवश्यक मरम्मत संबंधी कार्यों की अनुमति के लिए विभिन्न स्तर पर निर्धारित राशि के प्रावधान अनुसार सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न मदों में समय पर वसूली करने तथा अर्थदण्ड की राशि तत्काल जमा कराने सहित आदेश उपरांत इसका पालन सुनिश्चित कराने की बात भी कही। साथ ही प्रत्येक माह रिकवरी कार्यों में प्रगति लाने, लंबित आडिट कण्डिकाओं के निराकरण, ब्रिस्क वसूली कार्यों में प्रभावी कार्रवाई के लिए भी कहा। साथ ही स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ विभिन्न नस्तियां प्रेषित करने के निर्देश दिए। तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवीन भवन और आवास निर्माण सहित अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए विधिवत प्रस्ताव प्रेषित करने, इसके लिए उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर खसरा व नक्शा नकल आगामी प्रक्रिया के लिए अविलंब प्रदान करने, नगरीय निकायों और विभिन्न शासकीय विभागों के भूमि आवंटन प्रकरणों के मामलों में नजरी व टेस नक्शे के साथ प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह बंटन भूमियों को भू अभिलेख में अहस्तांतरणीय दर्ज करने तथा भू अर्जन के समस्त अवार्ड प्रकरणों को लैंड रिकार्ड में अमल करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा वितरण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व निर्माणाधीन रेल परियोजना से संबंधित चिन्हांकित मामलों की जांच कर लंबित भुगतान सुनिश्चित कराने तथा सीएम हेल्पलाइन सहित सीएम मॉनिट के मामलों में समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी तरह न्यायालयीन मामलों में जवाबदावा दाखिल करने सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल उपलब्धता, खाद्यान्न वितरण, उपार्जित फसल के परिवहन तथा अन्य प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## श्रमदान के जरिए की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई





**हरिभूमि न्यूज पन्ना।**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज सुबह नगर पालिका परिषद पन्ना के तत्वाधान में जनसहभागिता से पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 12 में दीनदयाल रसोई के पास स्थित 300 वर्ष पुरानी बावड़ी की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले ने भी श्रमदान किया। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के सफाई मित्र एवं अन्य कर्मचारियों, जनअभियान परिषद के वॉलेंटियर द्वारा भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही प्राचीन जल स्रोतों को निरंतर स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने इसे सराहनीय गतिविधि बताते हुए कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों का हरसंभव सहयोग प्राप्त होगा। जिला कलेक्टर ने शहर की जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बावड़ियां हमारी धरोहर हैं। इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सामूहिक श्रमदान कार्य निश्चित ही प्राचीन जल संरचनाओं के पुनर्जीवन के लिए परिणाममूलक साबित होगा। सीएमओ ने चिन्हांकित जल संरचनाओं की साफ सफाई व जीर्णोद्धार कार्य के बारे में अवगत कराया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ





**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में विगत दिवस को स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में कलेक्टर सुरेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शिविर में सहभागिता करने वाले बच्चों से संवाद कर शुभकामनाएं दी। जिला मुख्यालय पन्ना में एथलेटिक्स, हॉकी, मलखम्ब, खो-खो, कब्बडी, मार्शल आर्ट और फुटबाल में 325 खिलाडियों द्वारा सहभागिता की जा रही है, जबकि विकासखण्ड मुख्यालय अजयगढ़ में 120, गुनौर में 59, पवई में 45 और शाहनगर में 50 खिलाड़ी विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 31 मई तक होगा।

शुभारंभ कार्यक्रम पर जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर और मानसिक विकास के लिए खेल लाभकारी है। इस शिविर के माध्यम से खिलाड़ियो को अपने रूचि के खेल में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मागदर्शन प्राप्त होगा। इससे खिलाड़ी खेल के प्रति जागरूक भी होंगे। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। इसके माध्यम से टीम भावना विकसित होने के साथ ही अच्छी बातें सीखने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निरंतर शिविर में भेजने का अनुरोध करते हुए बच्चों से भी उत्साह के साथ शिविर में शामिल होने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने आयोजकों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने बच्चों को अपने रूचि के खेल में अव्वल प्रदर्शन करने तथा बेटियों से भी देश को गौरवान्वित करने की बात कही। खेल के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर फैलाई अफवाह तो होगी जेल, पन्ना पुलिस की चेतावनी, मॉनिटरिंग सेल रख रही 24 घंटे नजर




**हरिभूमि न्यूज पन्ना**

सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाना अब भारी पड़ सकता है। पन्ना पुलिस ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भ्रामक, झूठी, आपत्तिजनक या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली जानकारी साझा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार इन प्लेटफॉर्म्स पर नजर रखे हुए है। 10 मई को जारी आधिकारिक सूचना में पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल विश्वसनीय और आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और किसी भी संदेश को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।

### फर्जी लिंक और ।च्ज्ञ फाइलों से भी रहें सतर्क-

पुलिस ने लोगों को चेताया है कि कई बार अज्ञात लिंक या ।च्ज्ञ फाइलों के माध्यम से मोबाइल हैकिंग की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसी संदिग्ध फाइलों को क्लिक न करें और किसी को फॉरवर्ड भी न करें।

### अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं-

पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की सामग्री को जानबूझकर साझा करता है, तो उसके खिलाफ आईटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पन्ना पुलिस की अपील-

सामाजिक सौहार्द बनाए रखें, किसी भी प्रकार की नफरत, द्वेष या हिंसा फैलाने वाले संदेशों से दूर रहें और जिम्मेदार नागरिक की तरह सोशल मीडिया का उपयोग करें।

## आबकारी विभाग द्वारा फिर से मोटर साइकिल से शराब तस्करी करते दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा




**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा अप्रैल से अब तक में ग्यारहवीं बड़ी कार्रवाई की गई है। एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्तियों द्वारा ले जा रहे 298 पाव देशी शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गुनौर से पवई की तरफ एक मोटर साइकिल से दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहे है। उक्त सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके निर्देश पर आबकारी स्टाफ को लेकर मौके के लिए रवाना हुए। मौके पर आबकारी टीम द्वारा ग्राम पडरिया के पास सड़क पर छिपकर इंतजार किया गया। कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल पर दो संदेही आते दिखे। आबकारी दल द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ की गई। तो उन्होंने अपना नाम जितेंद्र लोधी पिता प्रकाश लोधी , उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई और विमलेश लोधी पिता पुरुषोत्तम लोधी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई। मोटरसाइकिल पर रखे सामान के बारे में पूछा तो उन्होंने शराब होना बताया। मौके पर ही जब मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी (झाल) की विधिवत तलाशी ली तो उसमें छह कागज के कार्टून में 298 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 22,500 रुपए बरामद हुई। आरोपियों से जब उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस मांगा तो उन्होंने कोई परमिट या लायसेंस न होना बताया। उक्त शराब और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बजाज होंडा लिवो को जप्त कर दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। शराब के इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हो सकते है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू,नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव और सुशांत सिंह शामिल रहे।

## पटवारी नहीं मानती तहसीलदार का आदेश रास्ते से अतिक्रमण हटवाने भटक रहे फरियादी

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।**

पन्ना। जिले के अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के कुछ पटवारियों की मनमानी और लापरवाही की वजह से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। तहसीलदार के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से आए दिन विवाद हो रहे हैं, कई बार खून खराबा भी हो चुका है, इसके बावजूद लापरवाही जारी है। ताजा मामला रतनपुर बहिरवारा का सामने आया है। फरियादी देशराज लोध पन्ना कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ढाल सिंह पिता रामखेलावन लोध निवासी रतनपुर द्वारा आम रास्ते में अतिक्रमण किया गया है जिससे आवागमन बधित हो रहा है शिकायती के आधार पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटवाने आदेश जारी किया गया था, लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी पटवारी के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**इनका कहना है-**

अभी हल्का पटवारी अवकाश पर है तथा इस मामले में दल बनाकर सीमांकन कराया जायेगा।
**सुरेन्द्र अहिरवार,**
तहसीलदार अजयगढ़

## अमानगंज पुलिस ने 8 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार





**अमानगज पन्नाः**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा गिरफ्तारी / स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 39/2017 धारा 363,366,376 ताहि पोक्सो एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी अमन उर्फ अमर चढ़ार पिता शिवदयाल चढ़ार उम्र 30 साल निवासी गर्रोली थाना नौगांव जिला छतरपुर को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को बस स्टेण्ड नौगांव जिला छतरपुर से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार आरोपीगणः- स्थाई वारण्टी अमन उर्फ अमर चढ़ार पिता शिवदयाल चढ़ार उम्र 30 साल निवासी गर्रोली थाना नौगांव जिला छतरपुर सराहनीय योगदानः- थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , सउनि शिवराम नायक , प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम, लक्ष्मण मुकेश सोनी, आर. मुनेन्द्र,सतीश , द्वारका प्रसाद, तुलसी, अमित। अमानगंज पुलिस नें 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तारः- श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गिरफ्तारी / स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 166/17 धारा 25बी आर्म्स एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी जगदीश सिंह उर्फ लल्लू राजा पिता स्व.श्री भगवान सिंह निवासी सिमराकला थाना पवई जिला पन्ना को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को सम्राट ढावा अमानगंज से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार आरोपीगणः- स्थाई वारण्टी जगदीश सिंह उर्फ लल्लू राजा पिता स्व.श्री भगवान सिंह निवासी सिमराकला थाना पवई जिला पन्ना **सराहनीय योगदानः-** थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , प्रआर. सलीम , लक्ष्मण , शिवम शर्मा, मुकेश सोनी , मुकेश शर्मा आर. मुनेन्द्र ,सतीश , द्वारका प्रसाद, तुलसी , अमित।

# अवैध वसूली एवं नकल के दम पर छतरपुर जिले में होती है चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय की परीक्षाएं?

## नक़ल के दम पर प्रमोशन पाने के चक्कर में ज्यादातर शासकीय कर्मचारी बनते है परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।




महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय चित्रकूट सतना मध्यप्रदेश द्वारा दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र के नाम पर जिले में विधालय संचालित किए जा रहे है। इन विधालयों में बी.ए, एम.ए से लेकर विभिन्न कोर्सो की परीक्षाए संपन कराई जाती है। इन परीक्षाओं में बास्तविक छात्र परीक्षा में शामिल नही होते, बल्कि बह शासकीय कर्मचारी परीक्षा में शामिल होते है, जिन्हें अपनी सेवा काल में प्रमोशन की लालशा होती है। ऐसे कर्मचारी विधालय के संचालकों को हजारों रूपए देकर अपना एडमीशन कराते है, और साल भर विधालय के कभी दर्शन नही करते है। केवल परीक्षा के समय वह परीक्षा केन्द्र में जाकर परीक्षा देते है। जिसके बदले में विधालय के संचालक उनसे नकल और जिले के अधिकारियों के नाम पर निर्धारित फीस से अतिरिक्त दो से पॉच हजार रूपए बसूलते है। छतरपुर जिले में भी परीक्षा के नाम पर नकल का यह खेल लम्बे समय से चल रहा है।

### जिले में बनाए गए 5 परीक्षा केन्द्र

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय द्वारा बर्ष 24-25 की परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए छतरपुर जिले में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, और यह परीक्षा केन्द्र हर बर्ष निजी कार्यालय में बनाए जाते है। निजी कॉलेजों को परीक्षा केन्द्र बनाने के नाम पर भी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय द्वारा लाखों रूपए की बसूली विधालय संचालकों से की जाती है। छतरपुर जिले में जो परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उनमें विधावती चतुर्वेदी शिक्षा महाविधालय किशोर सागर छतरपुर, एस.आर कॉलेज ऑफ एजुकेशन चौबे कालोनी, तक्षशिला महाविधालय राजमहल परिसर, राजाबलवंत सिंह महाविधालय खजुराहो रोड राजनगर और पं .डी.डी पाठक शिक्षा महाविधालय लवकुशनगर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय चित्रकूट द्वारा स्नातक स्तर की परीक्षाएं 15 मई से आयोजित की गई है। जो 31 मई तक उक्त परीक्षा केन्द्र में संचालित होगी। परीक्षाए दो पालियों मे संपन्न होगी।

छतरपुर जिले में अभी तक अधिकांश परीक्षा केन्द्र शहर से दूर बनाए गए, ताकि परीक्षा के दौरान कोई भी अधिकारी निरीक्षण करने न पहुँच सके। खुलेआम होने बाली नकल में विवधान न आ सके। नाम न छापने की शर्त पर एक प्राइवेट कॉलेज के संचालक ने बताया कि चौबे कॉलोनी में संचालित माता सीता देवी प्राइवेट आईटीआई जिस बिल्डिंग में संचालित है, इस बिल्डिंग में डी.पी. आर कॉलेज के अलावा एस आर कॉलेज का होना बताया जा रहा। जबकि यह बिल्डिंग एक कॉलेज के लिए भी पूर्ण नहीं है, फिर भी इस बिल्डिंग के नाम पर कई कॉलेजों की मानता है, जो कि अधिकतर कॉलेज कागजों में चल रहे हैं। इन सभी फर्जीवाड़ा और नकल करने का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है ज्योति शुक्ला?। पूर्व में यह एस.आर. कॉलेज नौगांव रोड में ओरछा रोड दनादन बिल्डिग में संचालित होता था, जबकि उस बिल्डिग में दो पहिया बाहन की एंजेसी हुआ करती थी। फिर भी कागजों में दनादन बिल्डिग़ में विधालय संचालित होना दिखाया जाता रहा।

### नकल सेंट्रो में दूर से खड़े रहते पहरेदार -

जिन विधालयों में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय की परीक्षाएं संचालित होती है। वहां पर विधालय के संचालको द्वारा कुछ पहरेदार खड़े कर दिए जाते है। यह पहरेदार परीक्षा केन्द्र से 100-200 कदम की दूरी पर खड़े होकर पूरी निगरानी करते है। और जब कोई अधिकारी निरीक्षण करने के लिए जाता है, तो यह पहरेदार तत्काल सूचित कर देते है। विश्वविधालय की साठगांठ से इन परीक्षा केन्द्रों में नकल होती है। और विश्वविधालय के अधिकारी परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण सिर्फ कागजों में कर लेते है।

### अधिकांश परीक्षार्थी होते है सरकारी कर्मचारी-

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय द्वारा जो स्नातक और परा स्नातक स्तर एवं एक-दो वर्षीय डिप्लोमा के पाठयक्रम कराए जाते है। उनमे 60-70 प्रतिशत सरकारी कर्मचारी होते है। क्योकि अधिकांश सरकारी कर्मचारी अपनी नौकरी में प्रमोशन पाने के लिए स्नातक एवं परा स्नातक व डिपलोमा कोर्स करते है। और इसी के आधार पर उन्हें नौकरी में उन्हें प्रमोशन प्राप्त हो जाता है। चूंकि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पाने के लिए सटिफि केट की जरूरत होती है। इसलिए वह कॉलेज संचालकों के माफिक सुविधा शुल्क देते हैं। यह भी देखा गया है कि जो सरकारी कर्मचारी परीक्षा में शामिल होते है, उनके द्वारा विभागीय तौर पर कोई भी अनुमति नही ली जाती है। जबकि नियम यह है कि सरकारी कर्मचारी बिना विभागीय अनुमति के परीक्षा में नही बैठ सकता।

### पॉच पॉच सौ रूपए में खरीदे जाते है परीक्षार्थी-

चूंकि सरकारी कर्मचारी परीक्षा में शामिल होते है उनके स्थान पर परीक्षा केन्द्रो में उत्तर पुस्तिकाएं लिखने के लिए पॉच पॉच सौ रूपए देकर अन्य लड़को को बैठाया जाता है?। साथ ही विधालय के संचालको के द्वारा गाईड भी नकल करने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। क्योंकि प्रश्नपत्र में जो प्रश्न आते है। उनके हल पहले से ही विधालयों के संचालकों के पास पहुॅच जाते है। कुलमिलाकर ग्रामोदय विश्वविधालय की परीक्षाओं के नाम पर जिले के केन्द्रो में बड़े फर्जीबाड़े के साथ-साथ अबैध कमाई का भी गोरखधंधा चल रहा है। पूरे साल विधालयों में सन्नाटा पसरा रहता है। लेकिन जैसे ही परीक्षाएं नजदीक आती है तो बहां का फर्जी स्टाफ दिखाई देने लगता है। और सरकारी कर्मचारी भी विधालयों के चक्कर काटने लगते है।

### क्या प्रशासन बनाएगा उडनदस्ता दल -

छतरपुर जिले में शिक्षा माफियाओं पर अकुंश लगाने और परीक्षाओं के नाम पर हो रहे फर्जीबाड़े को रोकने के लिए पूर्व के बर्षो में प्रशासन द्वारा कोई उडनदस्ता दल गठित नही किए जाते रहें। जिससे परीक्षा केन्द्रों में नकल चलती रही, यहां तक की प्रशासनिक अधिकारीओं को भी इन परीक्षाओं के संबंध में कोई जानकारी नही रहती। पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाती है। अब प्रशासन से यह उम्मीद है कि अभी परीक्षा शुरू होने में 5 दिन का समय शेष है। और इन 5 दिनों में इन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी कराया जा सकता है क्या बहां पर विश्वविधालय की परीक्षाएं सम्पन कराने के लिए सभी प्रकार की ब्यवस्थाए है या नही। साथ ही परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए रास्जव अधिकारीओं और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को साथ में रखकर उडनदस्ता दल गणित किया जा सकता है जो परीक्षा केन्द्रों में होने बाली नकल पर अंकुश लगाए।

### इनका कहना है -

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है, और जहां-जहां परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, चेक करवाता हूं और कार्यवाही के लिए संयुक्त दल गठित करवाता हूं।

**मिलिंद नागदेवे**
**एडीएम, छतरपुर**

## खबर संक्षेप

### 14 और 28 मई को लगेंगे विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार छतरपुर जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सटई रोड स्थित अधीक्षण अभियंता (संचालन/संधारण) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. कार्यालय, छतरपुर में 14 मई और 28 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं और उनका निराकरण करवाएं।

### जघन्य हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**लवकुशनगर।** लवकुशनगर की अपर सत्र न्यायालय ने जघन्य हत्या के मामले में तीन आरोपियों रवि बसोर, मुन्नू अहिरवार और जानकी अहिरवार को आजीवन कारावास तथा 500-500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न चुकाने पर प्रत्येक को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला जुझारनगर थाने का है, जहां 1 अप्रैल 2023 को मातादीन अहिरवार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि वह खेती-किसानी करते हैं और उनकी मुन्नू अहिरवार से खेत की मेड़ को लेकर पुरानी रंजिश थी। उनका भाई दिस्सू उर्फ देशराज खाने-पीने का शौकीन था। 31 मार्च 2023 की रात करीब 11 बजे मुन्नू अहिरवार और रवि बसोर उनके कस्बे वाले मकान पर आए और दिस्सू को मुर्गा गोश्त की पार्टी के लिए अपने साथ ले गए। दिस्सू रात को घर नहीं लौटा। अगली सुबह करीब 8 बजे मोहल्ले वालों ने मातादीन को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते मुन्नू अहिरवार, उनकी पत्नी जानकी और रवि बसोर ने मिलकर दिस्सू की मुन्नू के घर के कमरे में मारपीट कर हत्या कर दी। मातादीन ने मुन्नू के घर जाकर देखा तो दिस्सू मृत अवस्था में मिला। प्रकरण की पैरवी एडीपीओ किशोरीलाल प्रजापति ने की। अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### डीईओ ने ली प्राचार्यों की बैठक



**लवकुशनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) आरपी प्रजापति ने विकासखंड के अंतर्गत स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की। बैठक में संकुल प्राचार्यों, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों ने हिस्सा लिया। डीईओ ने एमपी टास्क पोर्टल, छात्रवृत्ति, अर्जित अवकाश, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों और बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। डीईओ ने सख्त निर्देश दिए कि सभी प्राचार्य एससी, एसटी छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति और ऑनलाइन आवेदनों को शत-प्रतिशत पूरा करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण और जनसुनवाई में लंबित अर्जित अवकाश के प्रकरणों को शीघ्र निपटाने को कहा। उन्होंने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणामों की जानकारी मांगी और चेतावनी दी कि कम परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों पर कार्रवाई होगी। डीईओ ने संकुल प्राचार्यों को शासकीय और अशासकीय स्कूलों की मैपिंग और छात्रवृत्ति कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से राघवेंद्र, बीईओ आरडी चौरसिया सहित संकुल प्राचार्य मौजूद रहे।

### गांधी आश्रम में कलाओं को निखार रहे नन्हें कलाकार



**छतरपुर।** शहर के गांधी आश्रम में इन दिनों गर्मियों की छुट्टियों को कलात्मक स्वरूप देने के उद्देश्य से बाल रंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से बच्चे अपने भीतर छिपी हुई प्रतिभाओं को उभारने का काम कर रहे हैं। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक महीने की बच्चों की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुबह से योगाभ्यास, चित्रकला, गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय की कक्षाओं में बच्चे अपनी कलाओं को निखारने का काम कर रहे हैं। युवा प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में शहर के कोने-कोने से बच्चे आकर प्राकृतिक वातावरण में अपनी छुट्टियों का समुचित उपयोग कर रहे हैं।

## PW की प्रज्ञा जैस्वाल ने MP बोर्ड कक्षा 10 में टॉप किया



**हरिभूमि न्यूज, सिंगरौली।** 248 छात्र 95% से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल*स्थान, तिथिः एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के MP Board Wallah ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं।इस सूची में शामिल हैं – प्रज्ञा जैस्वाल(रैंक 1), आयुष द्विवेदी (रैंक 2), अनुराग कुमार साहू (रैंक 5), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला (रैंक 6), वेदिका पटेल (रैंक 7), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति (रैंक 8), शुभम तिवारी (रैंक 9), और वेदिका चौरसिया (रैंक 10)। ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र MP बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे, जो MP बोर्ड के छात्रों को संरचित पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से मदद करते हैं।इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी पीडब्ल्यू के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हुए हैं – हर्ष पांडे (रैंक 2), राधा साहू (रैंक 8), जीवनलाल बाथरे (रैंक 9) और अनामिका पटेल (रैंक 10)। फिजिक्सवाला के संस्थापक और शिक्षक, अलख पांडे ने इस अवसर पर कहा, ३ये परिणाम छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षण केंद्रों की सोच को दर्शाते हैं। हम देशभर के छात्रों को इसी तरह मार्गदर्शन और अनुभवी शिक्षकों की सहायता प्रदान करते रहेंगे।३सिंगरौली की प्रज्ञा जैस्वाल, जिन्होंने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया, ने कहा, ३मैं इतने अच्छे अंक लाकर बेहद खुश हूं। इसके लिए मैं अपने परिवार और पीडब्ल्यू की पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने मुझे पढ़ाई के लिए जरूरी स्ट्रक्चर और मोटिवेशन दिया। आगे चलकर मैं सिविल सर्विस में जाना चाहती हूं और देश की सेवा करना चाहती हूं।

### संत शरीर आश्रम में चल रहा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ



**छतरपुर।** मोटे के महावीर मंदिर स्थित संत शरीर महाराज आश्रम में इन दिनों विशाल धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। मंदिर के महंत कमलेश बब्बाजू के ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के साथ-साथ सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीराम कथा भी चल रही है, जिसका श्रवण करने ड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। बीती शाम श्रीराम कथा सुना रहे कथा व्यास रामदास नाबोध महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं मनोहारी वर्णन किया।

## सेंट्रल लाइब्रेरी जुलाई से शुरु होने की संभावना विद्यार्थियों के लिए मिलेंगी हाइटेक सुविधाएं



**छतरपुर।** छतरपुर की सिंचाई कॉलोनी में ढाई एकड़ जमीन पर साढ़े 5 करोड़ रुपये की लागत से बनी सेंट्रल लाइब्रेरी जुलाई 2025 से छात्रों के लिए खुलने की संभावना है। यह लाइब्रेरी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी।

लाइब्रेरी में शुरुआत में 20 हजार पुस्तकें उपलब्ध होंगी, जो यूपीएससी, नीट, जेईई, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी होंगी। इसके अलावा, हाइटेक लैब, मुफ्त इंटरनेट, वाई-फाई, कंप्यूटर और आधुनिक फर्नीचर की सुविधा होगी। यह लैब छात्रों को ऑनलाइन संसाधनों और डिजिटल लर्निंग तक पहुंच प्रदान करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को शहर में आकर अपनी पढ़ाई जारी रखने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह लाइब्रेरी एक सुनहरा अवसर देगी। लाइब्रेरी में शांत और अनुशासित पढ़ाई का माहौल सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह लाइब्रेरी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाएगी, बल्कि युवाओं को उनके करियर और भविष्य को बेहतर बनाने में भी मदद करेगी। स्थानीय छात्रों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि यह लाइब्रेरी छतरपुर के शिक्षा क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी, खासकर उन छात्रों के लिए जो कोचिंग संस्थानों का खर्च वहन नहीं कर सकते।

## एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित वीपीएल-2025 और किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया शानदार समापन

हरिभिम न्यूज, एनटीपीसी



विंध्याचल प्रीमियर लीग 2025 (VPL-2025) ने अपनी शानदार और रोमांचक यात्रा को तीन सप्ताह के खेल के बाद एक भव्य समापन के साथ समाप्त किया। 9 टीमों और 170 से अधिक प्रतिभागियों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट ने सभी को उत्साहित किया, जहां खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन और सामूहिक सहयोग दिखाया। इस बार, प्रतियोगिता में टीमों का गठन एक रोमांचक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ, जिससे प्रतिस्पर्धा में एक नया रोमांच लेकर आया।

**राउंड**-रॉबिन प्रारूप में खेलते हुए, चार शीर्ष टीमों ने नॉकआउट चरण में प्रवेश किया, जिसके बाद फाइनल में स्टॉर्म राइडर्स और ग्रीन टाइटन्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। ग्रीन टाइटन्स ने 76 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की और विंध्याचल प्रीमियर लीग -2025 की ट्रॉफी अपने नाम की।

समापन समारोह में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें श्री ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल), श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन) व स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष, श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेन्स और एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) शामिल थे। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित किया।

वहीं, किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। चार टीमों और 60 से अधिक युवा क्रिकेटर्स के बीच राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट का फाइनल रोमांचक था, जिसमें डिडी डॉमिनेटर्स ने रॉयल चैलेंजर्स विंध्याचल को हराकर ट्रॉफी जीती और अपनी उत्कृष्ट खेल भावना से सबका दिल जीत लिया।

## भैरा पंचायत में बदहाल सफाई व्यवस्था गलियों में कीचड़ और गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज, लवकुशनगर।



जनपद पंचायत लवकुशनगर की ग्राम पंचायत भैरा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को सफाई के लिए हर साल लाखों रुपये का बजट दिया जाता है, लेकिन भैरा में यह राशि कागजों तक सीमित रह गई है। गलियों में गंदा पानी और कीचड़ फैला हुआ है, जिससे ग्रामीणों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। जहां नालियां हैं, वहां सफाई न होने से पानी गलियों में जमा होकर कीचड़ बनाता है। इस दुर्गंध और मच्छरों की भरमार से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। कीचड़ भरी गलियों से गुजरना उनकी मजबूरी बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत को कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से गांव में नालियों का निर्माण और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर हो सके।

## नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों मामलों का हुआ निराकरण



**छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को छतरपुर जिला न्यायालय सहित संपूर्ण जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में सिविल, क्रिमिनल, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बैंक, वित्तीय संस्थानों, ऋण और दूरसंचार विभाग से जुड़े प्रीलिटिगेशन व लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण हुआ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय छतरपुर सहित तहसील न्यायालयों नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर और बड़ामलहरा में कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया था। इसमें जिला न्यायालय मुख्यालय में 10 खंडपीठ और तहसील स्तर पर 18 खंडपीठों ने कार्य किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकारों ने हिस्सा लिया और अपने लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण करवाया। इस आयोजन ने आम जनता को त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का त्वरित समाधान करना है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने आम जनता से भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों का लाभ उठाने की अपील की।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025” के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का किया आयोजन




**एनटीपीसी** समुदाय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2025” के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का आयोजन किया, जो कि 18 मई से शुरू होने जा रहा है। इस मिशन में सिंगरौली जिले के 20 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाएं भाग लेंगी। तैयारी के क्रम में, 10 मई 2025 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में 45 प्रतिभागी बालिकाओं का बेसलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उनकी वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना था ताकि प्रशिक्षण अधिक केंद्रित और प्रभावशाली हो सके। इस कार्यक्रम में श्री प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर) तथा एम/एस हीरो माइंडमाइन इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, जो इस मिशन की कार्यान्वयन एजेंसी है, के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रतिभागी बालिकाओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। यह पहल एनटीपीसी विन्ध्याचल के समग्र बालिका सशक्तिकरण एवं शिक्षा के प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है।

# पैसों के विवाद में तीन दोस्तों ने गला काट कर युवक की थी निर्मम हत्या

## हत्या का वायरल किया था वीडियो, पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज रीवा

जिले में भखौरी जंगल में युवक की गला काटकर हत्या करते हुए वीडियो वायरल किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मृतक युवक के दोस्त बताए गए है। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या को वारदात को स्वीकार किया है। बता दे पैसो के लेन देन में आरोपियों ने क्रूरता की सारी हदे पार कर दी। अपने ही दोस्त का गला रेतकर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी अब सलाखों के पीछे है। पुलिस ने आरोपी के साथ-साथ उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया जिसने इस पूरे हत्याकांड का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद किया था। हत्या की वजह आरोपी और मृतक के बीच गौवंश की तस्करी को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। गौरतलब है कि 7 मई को गढ़ थाना क्षेत्र स्थित भौखरी के जंगल में पिपरहा गांव निवासी अभिषेक त्रिपाठी की आरोपियों ने बड़ी ही बेरहमी गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में खास बात यह थी कि आरोपियों ने गला रेतने का लाइव वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद किया फिर मृतक के परिजनों को भेज दिया। इलाके में हुए इस हत्याकांड के वीडियो वायरल होते ही परिजन और ग्रामीण सहित पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया जिसके बाद पुलिस भौखरी के जंगल में पहुंचकर मृतक के शव को बरामद किया था। बताया जा रहा कि आरोपी रजनीश मिश्रा और मृत अभिषेक त्रिपाठी सहित कई अन्य युवक गौवंश तस्करी के जुड़े थे। इसी के पैसों को लेकर इनके बीच विवाद हुआ था। बॉक्स कई दिनों से रच रहे थे साजिश आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अभिषेक की ठिकाने लगाने के लिए यह कई दिनों से साजिश रच रहे थे। उसे शराब की पार्टी देने के बहाने भौखरी के जंगल में बुलाया। जहां पर सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, बता दे मुख्य आरोपी रजनीश आदतन अपराधी था। इसके पहले कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। पूर्व में क्योंटी फाल में पिकनिक मनाने आए पर्यटकों का कैमरा लूटने के मामाले में भी वह शामिल बताया गया था। इसी तरह अन्य कई अपराधों में उसके विरुद्ध शिकायतें दर्ज है। बाक्सये आरोपी गिरफ्तारगढ़ थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय ने बताया कि घटना के आरोपी रजनीश उर्फ भोले मिश्रा पिता शत्रुघन प्रसाद मिश्रा 25 वर्ष, आदर्श उर्फ गोलू मिश्रा पिता शत्रुघन प्रसाद मिश्रा 23 वर्ष निवासी दोनो पिपरहा व शिवराज उर्फ राजकुमार केवट पिता मुकेश केवट 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार, बाइक व आरोपी के खून से लथपथ कपड़े जब्त किए है।

## खबर संक्षेप

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 72 पंचायतों के सचिवों तथा जीआरएस को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज रीवा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने 9 मई को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल खेत तालाब निर्माण, रिचार्ज पिट बनाने तथा अन्य जल संरक्षण के कार्यों में रूचि न दिखाने पर 72 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का दो दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि तीन खेत तालाब तथा 10 रिचार्ज पिट बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जनपद की 72 ग्राम पंचायतों में से समय पर तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति जारी न करके निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। इससे शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल जल गंगा संवर्धन अभियान की लक्ष्य पूर्ति में बाधा आई है, जिसके कारण नोटिस दिया गया है।

### हर आपात स्थिति के लिए सजग और तैयार है स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज रीवा। वर्तमान परिस्थितियों तथा आसन्न कठिनाईयों को देखते हुए रीवा जिले में स्वास्थ्य विभाग हर आपात स्थिति के लिए सजग और पूरी तैयार है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार जिला और विकासखण्ड स्तर पर आपात स्थिति के लिए उपचार की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। जिला स्तर पर रैपिड एक्शन टीम, दवाईयों तथा उपकरणों के साथ 24 घण्टे तैनात है। रीवा शहर की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को स्थाई प्राथमिक उपचार केन्द्र के रूप में निर्धारित कर दिया गया है। सभी बीएमओ तथा अन्य मेडिकल आफीसरों को जिले की आपातकाल रेफरल व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन उपचार सुविधा के लिए 108 एंबुलेंस तथा सभी जननी सुरक्षा योजना के वाहनों को एलर्ट मोड पर रखा गया है। इनमें चिकित्साकर्मी तथा टेक्नीशियन जीवनरक्षक दवाओं के साथ तैनात कर दिए गए हैं। जो वाहन सुधार योग्य हैं उनमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की आपात सेवा की आवश्यकता होने पर 108 एंबुलेंस पर फोन किया जा सकता है। सेवा प्राप्त होने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर 108 सेवा के नोडल अधिकारी ऋषिराज गौतम के मोबाइल नम्बर 9425608569 पर संपर्क करके वांछित सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।

### थाना अमहिया पुलिस की नशे के खिलाफ कार्यवाही फरार मां बेटे को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज रीवा

नशीली कफ सिरप के मामले में फरार महिला सहित आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन एवं नगर पुलिस डॉ रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना अमहिया पुलिस को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर पूर्व में आरोपी गौरव उर्फ रामू सोनी पिता भैयालाल सोनी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम नौडिया अमिलिया थाना अमिलिया जिला सीधी हाल अंजू जायसवाल का मकान फूलमती मंदिर के पास रीवा थाना समान जिला रीवा के कब्जे से अबैध नशीली कफ सिरफ जप्त कर थाना में अपराध क्र0 110/25 धारा स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम 8/21,22 एवं औषधि अधिनियम 5/13 पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## मैहर से दर्शन कर वापस लौट रहे दंपत्ति हादसे के हुए शिकार, डंपर की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत




हरिभूमि न्यूज रीवा। मैहर से देवी दर्शन कर लौट रहे बाईक सवार दंपति सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में बाइक में सवार पत्नी की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतका ममता द्विवेदी निवासी ग्राम सजी थाना कोराव जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि ममता अपने पति ओंकार द्विवेदी के साथ बाइक से मैहर देवी दर्शन करने गई थी। जहां से वह वापस लौट रही थी इसी दौरान चोरहटा बाईपास में तेज रफ्तार डंपर के चालक ने बाइक को टक्कर मार दिया जिससे ममता की साड़ी डंपर में फंस गई और वह गिर गई। सड़क हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल ममता की मदद के लिए उनके पति ओंकार द्विवेदी द्वारा डायल हंड्रेड पुलिस सहित 108 एम्बुलेंस और थाने को सूचना देने का प्रयास किया गया लेकिन कहीं भी फोन नहीं लगा। इसके बाद ओंकार ने गंभीर रूप से घायल पत्नी को एक ऑटो में लेकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि इस सड़क हादसे में ओंकार को भी चोटे आई हैं वहीं घटना के बाद डंपर सहित चालक मौके से फरार हो गया है मृतका के परिजनों का आरोप है कि प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते ममता की मौत हुई है। घटना के बाद पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित करने वाले चालक सहित डंपर की तलाश में लगी हुई है।

## एक्सयूवी से तस्करी, 915 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त तीन गिरफ्तार रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज रीवा। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशीली कफ सिरप की एक बड़ी खेप जब्त की है। बीते शाम पुलिस ने एक एक्सयूवी वाहन से 915 शीशियों में भरी नशीली कफ सिरप बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.83 लाख रुपये आंकी गई हैबता दे मिर्जापुर से रीवा की ओर आ रही नशे की इस खेप की भनक पुलिस को मुखबिर के माध्यम से लगी थी। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर डीएसपी उदित मिश्रा के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गईं। इन टीमों में गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव, अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल और रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी शामिल थे। पुलिस ने रणनीतिक ढंग से अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की निगरानी शुरू की और अंततः जोगिनहाई टोल प्लाजा के समीप एक्सयूवी को घेराबंदी कर रोका गया। वाहन की तलाशी में भारी मात्रा में नशीली सिरप बरामद हुई। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें गुढ़ निवासी अंकित विश्वकर्मा, हनुमना निवासी अभय पांडे और एक नाबालिग शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह सिरप मिर्जापुर से रीवा तस्करी के उद्देश्य से लाई जा रही थी। पुलिस अब मिर्जापुर में मौजूद मुख्य सप्लायर की तलाश में जुट गई है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचने की कोशिश की जाएगी।

## गौमाता की सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा - उप मुख्यमंत्री

### प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 50 लाख लीटर प्रतिदिन होगा - पशुपालन राज्य मंत्री





हरिभूमि न्यूज रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने होटल विजय विलास में आयोजित प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निराश्रित और बीमारी गौवंश की सेवा तथा पुनर्वास वर्तमान समय की बड़ी चुनौती है। सरकार आधुनिक गौशालाओं का निर्माण कराकर निराश्रित गौवंश को आश्रय देने तथा खेती को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में उन्नत गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें हजारों गायों को नया जीवन मिलेगा। इस अभियान में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गौमाता की सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा। अगर गौमाता बेसहारा रही तो मानव जाति का भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। रीवा में बसामन मामा गौवन्य विहार में सात हजार से अधिक निराश्रित गायों को आश्रय दिया गया है। इन गायों की सेवा में पशु चिकित्सक बड़ी तत्परता और लगन से कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही हिनौती में भी आधुनिक गौशाला शुरू होगी जिसमें लगभग 25 हजार गौवंश को रखने का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना आवश्यक है। पशुपालन को अपनाकर ही किसान खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकेंगे। गौवंश को दूध न देने पर बेसहारा छोड़ने की मानसिकता है। गौमाता यदि दूध नहीं दे रही है तो भी उसका गोबर और गौमूत्र बहुमूल्य है। गौमाता में देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए गोबर का उपयोग पूजा में भी किया जाता है। आधुनिक गौशालाओं में गोबर से अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाने के साथ सीएनजी प्लांट लगाए जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर तो रोगी से पूछकर उसका इलाज करते हैं। पशु चिकित्सक बेजुबान पशुओं के लिए भगवान की तरह हैं। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि पशुपालन विभाग को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सदैव पशुपालन विभाग को प्राथमिकता दी है। डेयरी के विकास के लिए बाबा साहब अंबेडकर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इसमें कम से कम 25 दुधारू पशु की एक यूनिट बनाई गई है। प्रत्येक यूनिट पर पशुपालक को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से डेयरी व्यवसाय को नया आयाम मिलेगा। अभी प्रदेश में 10 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन संग्रहण होता है। इसे 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मंत्री ने कहा कि मेडिकल के डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी सभी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। पशु चिकित्सा संघ की सभी उचित मांगे पूरी की जाएंगी। पशु चिकित्सा अधिकारियों का कार्य मानव के डॉक्टरों से अधिक कठिन और महत्वपूर्ण है। प्रदेश में हेल्पलाइन 1962 की गाड़ियों से पशुओं का उपचार बेहतर हुआ है। इन गाड़ियों की संख्या दुगनी करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में निराश्रित गौवंश बड़ी चुनौती हैं। बेसहारा गायों के लिए प्रदेश में 22 स्थानों पर शीघ्र ही आधुनिक गौशालाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। सरकार दो वर्षों में सभी बेसहारा गायों को गौशाला में व्यवस्थित कर देगी तब सड़कों पर गौवंश नहीं दिखेगा। गौशालाओं को पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल की तरह विकसित करेंगे। समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज गौतम ने कहा कि सरकार ने गौशाला के गौवंश के लिए 20 रुपए प्रतिदिन से राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। इसी तरह आधुनिक डेयरी निर्माण के लिए भी ऋण और अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। पशु चिकत्सा अधिकारियों को भी मेडिकल डॉक्टरों के समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष किया जाना आवश्यक है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मानव में कई रोग पशुओं के माध्यम से पहुंचते हैं। मानव के स्वस्थ रहने के लिए सभी पालतू पशुओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। मानव और पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पशुपालन खेती से भी पुराना व्यवसाय है। पशुपालन गरीब से गरीब व्यक्ति से लेकर बड़े-बड़े उद्योगपतियों को भी रोजगार का अवसर दे रहा है। कार्यशाला में डॉ अरूणेन्द्र शुक्ला ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व महापौर राम सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष मऊगंज राजेन्द्र मिश्रा, पशु चिकत्सा चिकित्सक संघ के सचिव डॉ नीलेश देसाई, डॉ केके पाण्डेय, डॉ साकेत मिश्रा, डॉ प्रकृति मिश्रा, डॉ वीरेन्द्र विक्रम सिंह तथा रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे। समारोह में अतिथियों और सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन अवनीश शर्मा ने किया।

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा रिवर फ्रंट भाग दो का किया लोकार्पण

## निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा



हरिभूमि न्यूज रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पचमठा धाम स्थित निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक बीहर रिवर फ्रंट के बन जाने से नदी के एक तरफ के रिवर फ्रंट का कार्य पूर्ण हो चुका है। आगामी चरण में निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आने वाले समय में बड़ी पुल के पास एनिकट बनाकर पानी में बाबा घाट से राजघाट तक क्रूज भी चलाया जाएगा। श्री शुक्ल ने फीता काटकर रिवर फ्रंट भाग दो का लोकार्पण किया तथा पैदल ही निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक भ्रमण किया। रीवा के विकास में आज एक कड़ी और जुड़ गई जब उप मुख्यमंत्री ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत बीहर रिवर फ्रंट भाग दो को आमजन के लिए लोकार्पित किया। इससे पूर्व बीहर रिवर फ्रंट भाग एक आमजनों के लिए लोकार्पित किया जा चुका है। पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटक व रीवावासी रिवर फ्रंट से कलकल बहती बीहर नदी के अप्रतिम सौन्दर्य को करीब से निहार सकेंगे। रिवर फ्रंट का रखरखाव का दायित्व निर्धारित कर दिया गया है। व्यवस्थित ढंग से इसका रखरखाव हो। उन्होंने कहा कि पचमठा धाम जागृत स्थल है। आदि शंकराचार्य जी के चरण यहाँ पर पड़े थे। इसका वैभव पुनर्स्थापित हुआ है। उपेक्षा पर आस्था की विजय हुई है। यहाँ होने वाली बीहर आरती का दृश्य अद्भुत होता है। श्री शुक्ल ने कहा कि भगवत कृपा से ही रीवा में विकास के कार्य हो रहे हैं। भगवान के स्थलों के जागृत होने से रीवा लगातार आगे बढ़ रहा है। रीवा में बनने वाली अधोसंरचनाओं व निर्माण कार्यों की देश एवं प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हुई है। शहरवासियों का भी दायित्व है कि वह इन संरचनाओं को व्यवस्थित व सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। एकजुटता के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। हमारा देश परम वैभव पर पहुंचकर विश्व का नेतृत्व करेगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श नगर में गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिए उस शहर का समन्वित विकास आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री के संकल्प से रीवा में आधारभूत संरचनाओं, पार्कों का विकास तथा रिवर फ्रंट की सौगात मिली है। उन्होंने रीवा में स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी के इंतजाम के लिए उप मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ऐतिहासिक रिवर फ्रंट रीवा के लिए सौगात है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से विन्ध्य में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। रीवा के लिए रिवर फ्रंट व ईको पार्क अनूठी मिशाल है। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि रिवर फ्रंट का रखरखाव नगर निगम के माध्यम से एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। रीवा के सभी अधोसंरचनाओं के रखरखाव में भी नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा घाट में एसटीपी निर्मित हो चुका है। कोतवाली घाट का एसटीपी जून माह के अंत तक निर्मित हो जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अनवर अली मुन्ना ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को हृदय से साधुवाद दिया। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में दीनानाथ वर्मा, हेमलता सिंह, सूरज केवट, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजगोपाल मिश्रचारी ने किया।

## बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम, बिना शादी के लौटी बारात

हरिभूमि न्यूज रीवा।

जिले के गुड़ क्षेत्र के ग्राम खजुहाकला में नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संभावित बाल विवाह को रोक दिया। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासन की टीम की कार्रवाई के बाद बारात लेकर आए लोग बिना शादी के वापस लौट गए। महिला बाल विकास विभाग के रीवा ग्रामीण-1 के परियोजना अधिकारी शेषनारायण मिश्रा और सेक्टर पर्यवेक्षक सपनाराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच में बालिका की आयु विवाह योग्य नहीं पाई गई, जिससे यह पुष्टि हुई कि यह बाल विवाह का मामला है। जांच टीम द्वारा बालिका के माता-पिता एवं बैकुंठपुर निवासी दूल्हा शहंशाह शाह को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी। इस दौरान सभी को समझाया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और बालिका की विवाह योग्य उम्र (18 वर्ष) होने तक विवाह नहीं किया जा सकता। गांव वालों की मौजूदगी में पंचनामा भी तैयार किया गया। इस दौरान शिवेन्द्र पटेल, प्रकाश पटेल, सुरुचि गुप्ता, विभा पटेल, विद्या द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

## मऊगंज जिला क्षेत्र में पर्यटन के लिए हैं अपार संभावनाएं: देवतालाब, अष्टभुजा धाम सहित देवलहा, बहुती, बेलौही जलप्रपात जैसे पर्यटन क्षेत्र के विकास की है आवश्यकताएं

हरिभूमि न्यूज मऊगंज





जिला क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भले ही लंबे समय से प्रयास हो रहे हो किंतु जिस तरह से पर्यटकों को इस क्षेत्र में आने की संभावनाएं पाई जाती है। उस गति से यहां नहीं आ पा रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण पर्यटक क्षेत्रों का विकास न होना माना जा रहा है। जबकि जिले में पर्यटन की दृष्टि से कई प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थल मौजूद है। हालांकि जिला बनने के बाद विकास की संभावनाएं बढ़ गई है जिससे पर्यटन क्षेत्र में विकास होना लाजमी है। लेकिन अब देखना यह होगा कि भविष्य में पर्यटन के क्षेत्र में यहां की संभावनाओं पर कितना विस्तार हो पाता है।*पर्यटन की संभावनाओं की होती है अक्सर चर्चा*विंध्य एवं रीवा की धरती अपने पुराने इतिहास को खुद समेटे हुए रीवा जिले में पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं जिससे अभी विगत एक वर्ष पूर्व रीवा से अलग होकर नया जिला बना मऊगंज। जिला बनने से विकास के निश्चित ही संभावनाएं बढ़ गई है। जिले में तीन ऐतिहासिक जलप्रपात मौजूद है। जिसमें देवलहा जलप्रपात जो नईगढ़ी क्षेत्र के ऐतिहासिक अष्टभुजा धाम मंदिर के पास है। जहां पर्यटकों का पूरे वर्ष भर आना-जाना बना रहता है। तो वहीं अपनी सुंदरता को बिखेरता ओड्डा नदी पर माड़ौ गांव में सुंदर प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण बहुती वाटर फाल मौजूद है। जो पर्यटकों के लिए अपनी सुंदरता का अनुपम उदाहरण है। तो वही शाहपुर के पास बेलौही जलप्रपात मौजूद है। जलप्रपातों में देखा जाए तो बहुती जलप्रपात सुंदरता का एक अनुपम प्राकृतिक धरोहर है। यदि यहां का विकास सही तरीके से कर दिया जाए तो पर्यटकों के लिए यह एक मनोहर वातावरण के लिए बेहतर क्षेत्र माना जाएगा। उधर जिले में प्रसिद्ध ऐतिहासिक शिव मंदिर देवतालाब में स्थित है। जहां लोगों का मानना है कि भगवान भोलेनाथ का यह विशाल मंदिर भगवान विश्वकर्मा द्वारा एक रात में निर्मित किया गया है जहां वर्ष भर शिव भक्तों का आना-जाना बना रहता है। इसी तरह अष्टभुजा धाम माता मंदिर नईगढ़ी एवं भगवान चतुर्भुज मंदिर दुबिया धाम,बराव का गणेशन मंदिर तथा महादेवन मंदिर जैसे आस्था के केंद्र हैं।इसलिए जिले में पर्यटन की संभावनाएं प्रबल है। अब सवाल यह उठता है कि आने वाले वक्त में कितने चिंतन के साथ बेहतर ढंग से पर्यटन क्षेत्रों के विकास में कार्य होगा या फिर विकास की बाट जोहते पुरानी परंपराओं के तरह सब कुछ चलता रहेगा। इन ऐतिहासिक स्थलों के विकास में कब तक में गति आएगी अभी भी भविष्य के गर्त में है।

## मऊगंज में चोरी के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

### पीड़ित ने एसपी ऑफिस में लगाई गहनों के बैग की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज

मऊगंज



जिले के नईगढ़ी में चोरी से पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अनोखा प्रदर्शन किया। पीड़ित ने चोरी हुए गहनों के खाली बॉक्स और बैग लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और अपनी पीड़ा बयां की। मामला नईगढ़ी थाना क्षेत्र के हरदी तिबरियान गांव का है। नईगढ़ी थाना अंतर्गत हरदी तिबरियान गांव के निवासी चंद्रमणि प्रसाद मिश्र के घर बीते दिनों चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। चोर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर ले गए। पीड़ित परिवार के मुताबिक चोरी में 20 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है।चोरी की शिकायत नईगढ़ी थाने में की गई, लेकिन पुलिस ने महज डेढ़ लाख रुपये की चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। इससे नाराज होकर पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का रुख किया। उन्होंने चोरी हुए सामान के खाली बॉक्स और बैग को लेकर प्रदर्शन किया और अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचाई।घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को समझाइश दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### इन्होने ने कहा

हम मामले की गंभीरता से जांच करवा रहे हैं। जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

विक्रम सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज